मई 2012

मान्नीय महोदय,

सादर जय जिनेन्द्र

आपके एवं आपके परिजनों की कुशलता की भगवान चंद्रप्रभु से कामना करते हुए आपके सहयोग से संचालित इस संस्था की मई माह की जानकारी, इस पत्र के माध्यम से आपके अवलोकनार्थ आपके कर कमलों में सौंप रहा हूँ।

हर्ष का विषय है कि यहाँ दिनांक 19 एवं 20 मई 2012 को दो दिवसीय **विशाल शल्य चिकित्सा शिविर** का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. राजेश पटेल, यूरो सर्जन गुजरात; डॉ. अजीत वर्मा, पीडियाट्रिक सर्जन दिल्ली; डॉ. प्रशांत जैन, कैंसर रोग सर्जन मुम्बई; डॉ. सुधीर पाल, न्यूरो सर्जन भोपाल; डॉ. बी.एम. रूडकी, ओरल सर्जन महाराष्ट्र; डॉ. संतोष राय, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन **भाग्योदय तीर्थ**; डॉ. स्वाति जैन, निश्चेतना विशेषज्ञ **भाग्योदय तीर्थ**; तथा संस्था के पैरामेडीकल स्टाफ ने अपनी सेवायें प्रदान की। इस शिविर में सागर संभाग से पधारे कुल 52 मरीजों को इन विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया। इनमें से 15 मरीजों के मेजर आपरेशन किये गये। इन सभी मरीजों के आपरेशन प्रबंधन की मंशानुसार चेरिटी कर न्यूनतम दर पर किये गये हैं। मुख्य बात यह है कि इस शिविर का लाभ उन मरीजों को मिला है जो अन्य बड़े शहरों या मेट्रो सिटी की चिकित्सा सेवा का लाभ अर्थाभाव के कारण प्राप्त करने में असमर्थ थे। इन मरीजों को यह सुविधा आप या आप जैसे सहयोगियों के सहयोग के द्वारा ही संभव हो सकी है।

आपकी संस्था द्वारा संचालित शैक्षणिक कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थी अपना तथा संस्था का नाम विभिन्न परीक्षाओं में उच्चतम अंक लाकर गौरान्वित करते हैं। **भाग्योदय तीर्थ फार्मेसी कॉलेज** की कुलपति पुरूस्कार सम्मानित छात्रा कु. स्वाति जैन ने **ऑल इंडिया G-PAT परीक्षा** 2012 में उच्चतम अंक अर्जित कर सम्पूर्ण भारत में **पांचवॉ स्थान** प्राप्त किया है। इनकी यह उपलब्धि **भाग्योदय तीर्थ** की ही नहीं बल्कि इससे सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड गौरवान्वित हुआ है।

धूप–छाँव, सुख–दुःख प्रकृति के शास्वत नियम हैं। विगत 1 जून 2012 को इस संस्था के परम सहयोगी एवं **ट्रस्टी श्री देवेन्द्र जी बजाज** का आकस्मिक देहावसान हो गया। इस दुखद समय में **भाग्योदय तीर्थ परिवार** श्री बजाज की दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु भगवान चंद्रप्रभु से प्रार्थनारत है एवं श्री बजाज के परिवार के गहन दुःख में सहभागी है।

मई 2012 में रू.4,97,195.00 की चेरिटी आपके संस्थान द्वारा मरीजों के लिए की गयी है।

उपरोक्त जानकारी पश्चात् आपसे अनुरोध है कि यदि आपका पोस्टल एड्रेस या दूरभाष नं. बदल गया हो या बदलने जा रहे हों तो हमें 09827250752 पर एसएमएस करके या btct.saugor@gmail.com पर अवगत कराने का कष्ट करें। साथ ही आपके परिवारजन/मित्रगण आदि भाग्योदय तीर्थ के सहयोगी रहे हों या सहयोगी बनना चाहते हैं तो उनके पता/दूरभाष नम्बर से भी अवगत कराने का कष्ट करें। ताकि उन्हें भी संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रेषित कर सकें।

प.पू. 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा एवं मंगलाशीष से निर्मित यह संस्थान आपके द्वारा दिये गये सहयोग से ही प्रगति पथ पर अग्रसर हैं तथा सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड में पीड़ित मानवता की सेवार्थ जाना जाता है। आपका सहयोग ऐसा ही बना रहे ऐसी हमारी भावना है।

पत्र के अंत में आपसे निवेदन है कि संस्था के हितार्थ आपका जो भी मार्गदर्शन हो हमें अवश्य अवगत कराने का कष्ट करें।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . . .

संतोष खरे

जनसंपर्क अधिकारी